## आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 रविवार** **दिनांक 22.03.2026**

**मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बनकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

2— जगदलपुर में आज "बस्तर हेरिटेज मैराथन" का आयोजन किया गया—देश—विदेश सहित प्रदेश के नौ हजार आठ सौ से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया।

3— महासमुन्द जिले के खल्लारी स्थित देवी मंदिर में रोप—वे के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक महिला की मौत—सोलह अन्य लोग घायल।

4— पच्चीस मार्च से शुरू हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों के छत्तीसगढ़ पहुंचने का सिलसिला शुरू।

**प्रधानमंत्री—रिकॉर्ड**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में किसी निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बन गए हैं। श्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर संयुक्त रूप से आठ हजार नौ सौ इकतीस दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है। श्री मोदी के नाम सबसे अधिक समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर रहने और प्रधानमंत्री बनने से पहले सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री होने का रिकार्ड शामिल है। श्री मोदी लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले गैर—कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। यूट्यूब चैनल पर प्रधानमंत्री मोदी के तीन करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हैं और वे सबसे अधिक फॉलोअर वाली राजनीतिक हस्तियों में शामिल हैं। इस वर्ष फरवरी में सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर श्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या दस करोड़ से अधिक हो गई है जो दुनिया के किसी भी सेवारत राजनेता से कहीं अधिक है।

**सरकार—एलपीजी**

केन्द्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के लिए बीस प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दे दी है। इससे कुल आवंटन पचास प्रतिशत हो जाएगा। इसमें पीएनजी के विस्तार के लिए सुधारों के आधार पर दस प्रतिशत आवंटन भी शामिल है। इसमें रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, रियायती कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव, नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि यह आवंटन सोमवार से लागू होगा। सभी व्यावसायिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को तेल विपणन कंपनियों के साथ पंजीकरण कराना होगा। सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोग घबराहट में खरीदारी न करें।

**खल्लारी रोपवे—हादसा**

महासमुन्द जिले के खल्लारी स्थित देवी मंदिर में आज सुबह हुए हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं, सोलह अन्य लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना रोप—वे के तार के टूटने से हुई है। और ज्यादा जानकारी दे रहे हैं हमारे महासमुंद संवाददाता —

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस हादसे पर दुख जताते हुए कहा है कि इस घटना की जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं।

**हिरण मौत—निलंबित**

अंबिकापुर स्थित संजय वन वाटिका में आवारा कुत्तों द्वारा हिरणों को काटने का मामले सामने आया है। कुत्तों के हमले से करीब पन्द्रह हिरणों की मौत भी हो गई है। वन विभाग ने मृत हिरणों का अंतिम संस्कार कर दिया है। इस मामले में सरगुजा के मुख्य वन संरक्षक ने कार्रवाई करते हुए वन वाटिका के प्रभारी सहित तीन अन्य सहायकों को निलंबित कर दिया है।

## मुख्यमंत्री–अवंतीबाई लोधी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कबीरधाम जिले के ग्राम सेमरिया में आयोजित वीरांगना अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेमरिया में सामुदायिक भवन, मिनी स्टेडियम और यज्ञशाला निर्माण की घोषणा की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अमिट मिसाल है। उन्होंने सीमित संसाधनों और छोटी सेना के बावजूद अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया और देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे।

## "बस्तर हेरिटेज मैराथन"

प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आज जगदलपुर में "बस्तर हेरिटेज मैराथन" का आयोजन किया गया। इस मैराथन में देश–विदेश के कई राज्यों और प्रदेश के नौ हजार आठ सौ से अधिक पंजीकृत धावकों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन जगदलपुर स्थित लालबाग से शुरू होकर चित्रकोट जल प्रपात के पास समाप्त हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वन मंत्री केदार कश्यप ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि आज हमारा बस्तर विकसित भावना के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है। समारोह को बस्तर सांसद महेश कश्यप और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक किरण सिंह देव ने भी संबोधित किया।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स

प्रदेश में पच्चीस मार्च से शुरू हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में देशभर के जनजातीय खिलाड़ी सात खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। ट्राइबल गेम्स में देश के बत्तीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के करीब तीन हजार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसमें छत्तीसगढ़ के एक सौ चौंसठ खिलाड़ी भी शामिल हैं। इस बीच, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों के छत्तीसगढ़ पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। आज अरुणाचल प्रदेश के वेटलिफ्टरों का चौदह सदस्यीय दल रायपुर पहुंचा। रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर राऊत नाचा दल की रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच खेल और युवा कल्याण विभाग तथा साई के अधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। गौरतलब है कि देश में पहली बार छत्तीसगढ़ के रायपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत हॉकी, फुटबॉल, कुश्ती, एथलेटिक्स, तैराकी, तीरंदाजी और वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिताएं होंगी।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चलाए जा रहे 'उल्लास – नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के तहत बीजापुर जिले के पचासी आत्मसमर्पित माओवादी 'बुनियादी साक्षरता' परीक्षा में शामिल हुए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि बुनियादी साक्षरता अभियान के माध्यम से औपचारिक शिक्षा से वंचित आत्मसमर्पित माओवादियों को साक्षर बनाया जा रहा है। उधर, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में भी आज 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के अंतर्गत महा–परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में पन्द्रह वर्ष से अधिक आयु के महिला–पुरुषों ने हिस्सा लिया।

## विश्व गौरेया दिवस

बीते बीस मार्च को देशभर सहित प्रदेश में भी विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड और राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एक वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें विषय विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों, पक्षी मित्रों, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों और छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। वेबीनार में विशेषज्ञों ने गौरैया की घटती संख्या पर चिंता जताई और उनके संरक्षण के सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

**संक्षिप्त समाचार**

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कल कवर्धा स्थित कलेक्टर कार्यालय में निर्माण एजेंसी, सीजीएमएससी तथा जिला अस्पताल के अधिकारियों की बैठक लेकर मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आगामी वर्ष इकतीस मई तक मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

– माय भारत रायपुर द्वारा शहीद दिवस पर कल तेईस मार्च को रायपुर में पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक पहुंचेगी, जहां शहीदों को पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

– दुर्ग पुलिस ने संगठित ऑनलाइन सट्टा गिरोह के सात सदस्यों को जामुल से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक लाख रूपए नगद, सोलह मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया गया है।

– रायपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में तकनीकी महोत्सव दो हजार छब्बीस की शुरूआत हो गई है। महोत्सव का शुभारंभ रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार ने किया।

– सक्ती जिले के कटारी ग्राम पंचायत में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तत्वावधान में 'विश्व जल दिवस' का आयोजन किया गया। इस दौरान जल संरक्षण के लिए महिलाओं को शपथ दिलाई गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>